समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# IND vs SL: जसप्रीत बुमराह की जगह आकिब नबी को मिला मौका, पहली बार भारत की टेस्ट टीम मे शामिल

Sanket Morankar

Published on 03 Aug 2026



श्रीलंका दौरे से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। स्टार तेज गेंदबाज **जसप्रीत बुमराह** चोट के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह **जम्मू-कश्मीर के तेज गेदंबाज आकिब नबी** को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

BCCI ने की आधिकारिक घोषणा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि बुमराह के बाएं घुटने की चोट पूरी तरह ठीक नहीं हुई है। मेडिकल टीम की सलाह पर उन्हें आराम दिया गया है। उनके स्थान पर आकिब नबी को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम

आकिब नबी ने पिछले दो रणजी ट्रॉफी सीजन में शानदार गेंदबाजी करते हुए **104 विकेट** हासिल किए हैं। इनमें **2025-26 सीजन मे 60 विकेट** शामिल हैं। उनके बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

हाल ही में नबी भारत ए टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर भी गए थे, जहां उन्होंने **दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों मे छह विकेट** लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा।

श्रीलंका दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम

- शुभमन गिल (कप्तान)

- केएल राहुल (उपकप्तान)
- यशस्वी जायसवाल
- ऋषभ पंत
- साई सुदर्शन
- ध्रुव जुरेल
- रवींद्र जडेजा
- मानव सुथार
- कुलदीप यादव
- मोहम्मद सिराज
- प्रसिद्ध कृष्णा
- **आकिब नबी**
- गुरनूर बराड़
- देवदत्त पडिक्कल
- सारांश जैन

श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम

भारतीय टीम **4 अगस्त** को श्रीलंका रवाना होगी। दौरे की शुरुआत **7 से 9 अगस्त** तक कोलंबो में तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच से होगी। इसके बाद पहला टेस्ट **15 अगस्त** से गॉल में और दूसरा टेस्ट **23 अगस्त** से कोलंबो में खेला जाएगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.